2- May- Janj -bhoomi- pg 1_Layout 1 5/2/2025 10:03 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 सिलादेही ,गतवा में रेत का अवैध भंडारण व परिवहन



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने समाधान शिविरों के आयोजन के संबंध में ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों के आयोजन की तैयारियों एवं प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तहत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के आयोजन स्थल, तिथि-समय का ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में दीवाल लेखन, मुनादी एवं प्रचार प्रसार करने के साथ ही आवेदको एसएमएस के माध्यम से सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर स्थल में मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, छाया, पानी की व्यवस्था, मेडिकल टीम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधन शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनो को देने के निर्देश दिए है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर साक्षात्कार 5 को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 9 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता के अंक तथा अनुभव अंक की मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा, साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गई जानकारी की सूची जारी किया गया है। दावा आपत्ति लिखित में 5 मई तक कार्यालयीन दिवस में समय सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है।

### बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र किया गया प्रदान

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची की शुद्धता में वृद्धि करने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। ये उपाय भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा इस वर्ष मार्च में निर्वाचन आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की गई पहलों के अनुरूप हैं। आयोग अब निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में यथा संशोधित) की धारा 3(5)(ख) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा। इससे बूथ लेवल ऑफिसर भी फॉर्म 7 के द्वारा औपचारिक आवेदन पत्र का इंतजार किए बिना फील्ड विजिट के जरिए जानकारी को पुनः सत्यापित कर सकेंगे।

### मड़वा से 3 किमी परिधि तक संपूर्ण क्षेत्र को पुनः संरक्षित क्षेत्र घोषित

**जांजगीर-चांपा।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी आदेशानुसार अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा (पावर प्लांट) से 3 कि.मी. परिधि तक संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश 8 अप्रैल तक 1 वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा।

भेजा जा चुका है साढ़े 13 करोड़ का स्टीमेट

# स्थल चयन के एक दशक बाद भी नहीं रखी जा सकी हैण्डलूम पार्क की नींव

**धागा रंगाई, बुनाई सहित अन्य उपकरणों की होनी है व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कोसा कांसा की नगरी चांपा में 10 साल बाद भी हैण्डलूम पार्क की नींव नहीं रखी जा सकी है। स्थल चयन कर हैण्डलूम पार्क के लिए 13 करोड़ 50 लाख रुपए की कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजा जा चुका है। इसके बाद भी अब तक हैण्डलूम पार्क की स्थापना के लिए प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में बुनकर के कार्य में लगे जिले के बुनकरों को इसका लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि कोसा कांसा व कंचन की नगरी के नाम से मशहूर चांपा शहर में प्रदेश का एकमात्र भारतीय हाथकरधा प्रौद्योगिकी संस्थान संचालित है। जहां तीन वर्षीय ट्रसर से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। शासन द्वारा शहर के हनुमानधारा के पास हैण्डलूम पार्क बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है, ताकि क्षेत्र के साथ- साथ जिले भर के कोसा के काम में लगे बुनकरों को स्व-रोजगार मिल सके। हैण्डलूम पार्क में धागा रंगाई, रंगाई मशीन, हैण्डलूम पावर रूम, सफाई मशीन के साथ-साथ अन्य मशीन भी लगाई जानी है, लेकिन यह योजना अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। इसके लिए विभाग के द्वारा 13 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट बनाकर राज्य शासन को भेजा भी जा चुका है। इसके बाद दिल्ली से आए अधिकारियों की टीम द्वारा संबंधित जगह का निरीक्षण भी किया गया था ताकि पार्क बनाने के संबंध में आगे पहल की जा सके। बावजूद इसके अब तक कार्ययोजना मूर्तरूप नहीं ले पाई है। कोसा कपड़े में आकर्षक कारीगरी के लिए मशहूर चांपा क्षेत्र में इन दिनों बुनकरों की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। कई बुनकर तो अपने परम्परागत काम को छोड़कर अन्य व्यवसाय मे लग गए है। दूसरी ओर कोसा कपड़े की मांग प्रदेश, देश के साथ-साथ अब विदेशो में भी होने लगी है। चांपा के कोसे का कपड़ा अमेरीका, रूस, जापान, जर्मनी सहित कई देशो में जाता है। वहीं भारत के ही कई बड़े शहरो में बड़े शोरूम भी बनाए गए है, जिसके चलते कारीगरो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बुनकरों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।




### भेजा जा चुका है प्रस्ताव

चांपा में हैंडलूम पार्क बनाने को लेकर जमीन का चयन किया गया है। वही पार्क बनाने को लेकर साढे 13 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है स्वीकृति मिलने पर काम प्रारंभ होगा

**-उगेश्वर बंजारे,**
सहायक संचालक
हाथकरघा ग्रामोद्योग जांजगीर चांपा

### बुनकरों को नहीं मिल पाती सही मजदूरी

अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में पंजीकृत बुनकरों की संख्या 5 हजार से अधिक है, जो कोसा से बनने वाले कपड़ो के काम में लगे हुए है। ये बुनकर कोसा लाकर उसके रेशा को निकालते है। इसके बाद इन्हें धीरे धीरे विभिन्न रंगो में डूबोया जाता है। इसके बाद डिजाइनिंग व अन्य जरूरी स्वरूप देने के बाद इसका कपड़ा बनाया जाता है। जिले में चांपा, सिवनी-चांपा, चोरिया, पोड़ीशंकर, चन्द्रपुर, बिर्रा, नवागढ़, केरा, कुरदा सहित विभिन्न स्थानों पर बुनकर अपने परम्परागत व्यवसाय के माध्यम से आज भी अपनी आजीविका चला रहे है, लेकिन आज भी बुनकर के काम में लगे बुनकरों को मेहनत के हिसाब से मेहनताना नहीं मिल पाती है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्या भी खड़ी हो जाती है। ऐसे में वे मजबूरन इस व्यवसाय को छोड़कर अन्य काम की ओर रूख कर रहे है। बताया जाता हे कि बुनकरों को आज भी 100 रुपए से 150 रुपए तक की प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी जाती है, जबकि उससे अधिक राशि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को दी जाती है। जिसके चलते वे इस व्यवसाय से मुंह मोड़ रहे है।

# मुख्य डाकघर के लिपिक द्वारा जमा राशि के लाखों का गबन

**अतिरिक्त डाक अधीक्षक कोरबा कर रहे जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय मुख्य डाकघर में पदस्थ एक लिपिक द्वारा डाकघर अभिकर्ताओं एवं जमाकर्ताओं द्वारा अपने बचत खातों में जमा कराई गई लाखों रूपए की राशि का गबन किये जाने का मामला सामने आया है। फिलहाल उक्त आरोपी लिपिक सक्ती डाकघर में कार्यरत बताया जा रहा है। मामले में अतिरिक्त डाक अधीक्षक कोरबा द्वारा चांपा आकर पिछले दो दिनों से जांच की जा रही है।

बताया जाता है कि स्थानीय मुख्य डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में डाकघर अभिकर्ताओं एवं जमाकर्ताओं द्वारा बचत खातों में राशि जमा कराई जाती है। डाकघर की जमा का ब्याज अन्य शासकीय बैंकों की तुलना में ज्यादा होने से लोगों का रूझान यहां की योजनाओं में राशि जमा कराने का रहता है। ऐसे में लोग स्वयं अथवा अपने अभिकर्ताओं के माध्यम से डाकघर में राशि जमा कराते हैं। बताया जाता है कि स्थानीय डाकघर में लिपिक मुकेश कुमार शर्मा द्वारा गत माह अभिकर्ताओं तथा जमाकर्ताओं से बचत खातों में जमा करने राशि प्राप्त कर उसे संबंधित खातों में जमा नहीं किया गया। यह राशि करीब आठ से दस लाख रूपये के बीच की बताई जाती है। ऐसे में मामले के सामने आने के बाद फिलहाल उक्त लिपिक को सक्ती डाकघर में पदस्थ कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच अतिरिक्त डाक अधीक्षक कोरबा द्वारा विगत दो दिनों से चांपा डाकघर आकर की जा रही है। इस मामले में चर्चा करने के लिए जब डाकघर के पोस्टमास्टर तारकेश्वर बघेल से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वयं को जानकारी देने के लिए अधिकृत नहीं बताया। हालांकि इशारों में उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि डाकघर के लिपिक द्वारा राशि का गबन किया गया है जिसकी जांच डाक अधीक्षक द्वारा कराई जा रही है। सूत्रों के अनुसार संबंधित लिपिक पूर्व में भी जिन डाकघरों में पदस्थ था वहां भी उसके विरूद्ध इस तरह की शिकायते है। ऐसी भी चर्चा है कि मामले में विभागीय अधिकारियों द्वारा उदारता का परिचय देते हुए उन्हें गबन की गई राशि जमा कराने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिससे उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा भी अपराध कायम ना किया जाए तथा उनकी सेवा भी सुरक्षित रह सके।


मुख्य डाकघर चांपा।

### मैं अधिकृत नहीं

मैं विभाग की ओर से मीडिया से चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं हूं। वैसे कोरबा के अतिरिक्त डाक अधीक्षक द्वारा पिछले दो दिनों से जांच की जा रही है। जांच प्रक्रिया सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

**-तारकेश्वर बघेल**
पोस्टमास्टर, चांपा

# दुर्घटना प्रकरण में 1 करोड़ 58 लाख से अधिक का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मृत्यु दुर्घटना दावा प्रकरण में प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रशांत शिवहरे ने एक करोड़ 58 लाख से अधिक रुपए का अवार्ड पारित किया है।

जानकारी के मुताबिक 28 अगस्त को हरिकीर्तन राठौर वाहन बस क्रमांक सी.जी. 19 एफ. 0972 से धमतरी से अपने कार्यालय कांकेर जा रहा था,तभी सुबह 10 बजे एन.एच. 30 ग्राम मरकाटोला घाटी में उक्त बस को उसके चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सामने से जा रही ट्रक क्रमांक ए.पी. 21 टी.जेड. 5579 को ठोकर मारकर दुर्घटना कारित किया। उक्त दुर्घटना में बस में सवार हरिकीर्तन राठौर को गम्भीर चोट आने से उन्हें धमतरी हास्पिटल इलाज हेतु ले जाया गया। जहां से गंभीर स्थिति के कारण रिफर किये जाने पर रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर ले जाया गया और वहां ईलाज के दौरान हरि कीर्तन राठौर की मृत्यु हो गयी थी। उक्त दुर्घटना के संबंध में पुलिस थाना पुरुर जिला बालोद छ.ग. में अनावेदक क्रमांक 1 के विरूद्ध धारा 125(1), 281, 106 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्घ किया गया। उपरोक्त दुर्घटना के संबंध में मृतक की पत्नी तथा बच्चों की ओर से प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सक्ती के समक्ष क्षतिपूर्ति हेतु दावा प्रस्तुत किया गया। अधिकरण द्वारा सुनवाई करते हुये यह पाया गया कि जिस बस में मृतक हरिकीर्तन राठौर सवार था, उसके चालक द्वारा उपेक्षापूर्वक बस चलाते हुये दुर्घटना कारित किया गया था, इसलिये उक्त बस की बीमा कंपनी, आवेदिकागण को क्षतिपूर्ति देने के लिये बाध्य है। प्रशांत शिवहरे प्रथम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सक्ती ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदिकागण के पक्ष में कुल-1 करोड़ 58, हजार 26 हजार 488 रुपए का अवार्ड पारित किया। हरिकीर्तन राठौर दुर्घटना के समय 45 वर्ष के थे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर पदस्थ होकर प्रतिमाह 1 लाख 11 हजार 764 प्राप्त करते थे।

## आधी का कहर...


**बहेराडीह।** क्षेत्र में इस समय गर्मी के मौसम में लहलहा रही धान की फसल पर आंधी तूफान का कहर देखा जा रहा है। जिसके चलते धान की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। फोटो : हरिभूमि

### भारी वाहन चलने से राहगीर हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा से जांजगीर तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के चलते सड़क जर्जर हो चुकी है। बलौदा से जावलपुर, जर्वे, सिवनी में बड़े-बड़े गड्ढे में डस्ट भरा गया है। लेकिन वाहनों के चलने से राहगीरों को चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बलौदा से जांजगीर पहुंच मार्ग अति व्यवस्तम मार्ग है। जिससे होकर लोग आना जाना करते हैं, लेकिन जब भी इस मार्ग में चलो, चंद मिनट की दूरी के सफर के लिए घंटों लग जाते हैं। जहां से होकर विशालकाय गाड़ियां गुजरती है। सड़क पर कार्य के दौरान वातावरण प्रदूषित न हो इसलिए शासन द्वारा प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए। जिससे लोगों को कोई परेशानी ना हो।

# सिलादेही में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलादेही गांव में बिजली की समस्या ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है। पिछले एक साल से इस क्षेत्र में नया विद्युत केवल लगाया गया है, लेकिन अभी तक सप्लाई चालू नहीं हुआ है।

पुराना वायर बांस बल्ली के सहारे खड़ा है, जो कभी नाली में तो कभी रोड में पड़ा रहता है। इससे गाय बछड़ों के फंसने का खतरा बना रहता है और चिलचिलाती गर्मी में बिजली कटौती का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी सूचना बिजली विभाग को दी है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ है। नए केबल लगे होने के बावजूद भी सप्लाई चालू नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीण बहुत परेशान हैं। ग्राम सरपंच संतोषी पटेल ने कार्यपालन अभियंता विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को विद्युत आपूर्ति के लिए नए खंबे लगाने एवं केबल बदलने के लिए आवेदन भी किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की समस्या के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर बिजली कटौती के कारण उनके कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और रात में भी उन्हें परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का हल करने की मांग की है।



गिरा बिजली तार।

# लोगों को फिर से मिलने लगा स्विमिंग पुल की सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर के दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्विमिंग पूल की सुविधा एक बार फिर से नगर वासियों को मिलने लगी है जिससे नगर वासियों एवं तैराकों में हर्ष है।

गौरतलब है कि डॉ रमन सिंह की सरकार के मंत्री अमर अग्रवाल के द्वारा जांजगीर जिले का प्रथम स्विमिंग पुल डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर समर्पित करते हुए 6 जनवरी 2017 में नगर वासियों के लिए लोकार्पित किया गया था। 8 वर्ष पूर्व नगरवासियों को यह बहु प्रतीक्षित एवं उल्लेखनीय सुविधा प्राप्त हुई थी। 2019 में जांजगीर के युवकों के द्वारा किए गए मारपीट एवं विवाद के बाद यह स्विमिंग पूल लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। विवाद के 4 वर्ष बाद सन 2023 में फिर से यह सुविधा नगरवासियो को प्रदान की गई लेकिन कुछ दिन खुलने के बाद स्विमिंग पूल को फिर से बंद कर दिया गया था। अब 6 वर्ष बाद एक बार फिर से नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी के द्वारा पहल करते हुए नगर वासियों एवं क्षेत्र के तैराकों के लिए स्विमिंग पूल की सुविधा को फिर से बहाल किया गया है।



**4 किलोमीटर रोड का किया गया मरम्मत एवं संधारण**

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य अभियंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मरम्मत एवं संधारण किए गए सड़कों का जायजा लेने के लिए मुख्य अभियंता पहुंचे। इस बीच उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पर भी चर्चा की।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पामगढ़ ब्लॉक में ग्राम सिल्ली से लेकर लगरा तक करीब 3 किलोमीटर सड़क मरम्मत कार्य किया गया है। करीब 5 लाख 78 हजार रुपए की लागत से सड़क मरम्मत एवं संधारण कार्य किया गया है, ताकि बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़े। इसी प्रकार सक्ती क्षेत्र के जेपी रोड से लेकर ग्राम पंचायत जुड़गा तक करीब 1 किलोमीटर सड़क का मरम्मत एवं संधारण कार्य 2 लाख 78 हजार रुपए की लागत से किया गया है, ताकि बरसात के दिनों में किसी तरह की समस्या ना हो। इस मरम्मत एवं संधारण कार्य का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मुख्य अभियंता हरि ओम शर्मा एवं जिले के कार्यपालन अभियंता ऐश्वर्य वर्मा मौके पर पहुंचे। इस बीच उन्होंने सड़कों का मरम्मत एवं संधारण कार्य की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मुख्य मार्ग के सड़क से अंदर के गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ना रहता है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 10 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य किया जाता है। इसके अलावा इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहता है। इसके अलावा जिले के अकलतरा ब्लाक अंतर्गत कापन से मौहाडीह रोड से रामपुर करीब 1 किलोमीटर 82 मीटर अकलतरा ब्लाक के ही पौड़ी दलहा से मुख्य मार्ग भाटापारा करीब 1 किलोमीटर 78 मीटर सड़क बनाया जाना है। इसी प्रकार चांपा क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा के इंदिरा आवास पर 1 किलोमीटर पचासी मीटर एवं मुख्य मार्ग से मौहाडीह मार्ग पर करीब 2 किलोमीटर 60 मीटर समेत कुल 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए मिले प्रस्ताव पर चर्चा भी की गई ताकि सड़क निर्माण कराया जा सके।


निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य एवं कार्यपालन अभियंता।

### किया गया निरीक्षण

पामगढ़ क्षेत्र में करीब 4 किलोमीटर सड़क मरम्मत एवं संधारण कार्य किया गया है। मौके का जायजा लेने के लिए मुख्य अभियंता भी पहुंचे। साथ ही जिले में करीब 8 किलोमीटर सड़क बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा भी की गई।

**-ऐश्वर्य वर्मा,**
कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय

# 7 किलो गांजा के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

7 किलो गांजा के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त गांजे की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है।

**खास बात**


- बम्हनीडीह थाना क्षेत्र गोविंदा का मामला

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना पर ग्राम गोविंदा में रेड कार्यवाही करते हुये गोपाल कृष्ण यादव निवासी वार्ड नं. 18 हसवा बलौदा थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार के कब्जे से 4 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 20 हजार रूपये एवं विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 3 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 15 हजार रूपये, जुमला 7 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल किमती 35 हजार रूपये का आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी थाना बम्हनीडीह, सउनि. सुनील कुमार टैगोर, प्रधान आरक्षक सुनील सिंह, आरक्षक उमेश कश्यप, सचेन्द साहू प्रधान आरक्षक चालक सलीम मुख्तार एवं थाना स्टाप का विशेष योगदान रहा।



2-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/2/2025 7:43 PM Page 1






# विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

**मुंबई।** अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायतः ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी।

लाइफ Style

# सायली
## मां का प्रेम सीमाओं से परे...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी शो वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे का कहना है कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है और वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। सोनी सब का शो वीर हनुमान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो बाल मारुति के असाधारण रूपांतरण की कहानी है।

आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक मोड़ देखेंगे, जब अंजनी निःस्वार्थ भाव से अपनी आत्मा पाताल काली को समर्पित कर देती हैं। सिर्फ अपने पुत्र को उसके वास्तविक रूप में लौटाने के लिए। वह इसके लिए अपना जीवन त्यागने को तैयार हो जाती है। जब भगवान हनुमान को इस बलिदान का ज्ञात होता है, वे पाताल लोक की ओर प्रस्थान करते हैं, राक्षसों से भीषण युद्ध करते हैं, जिससे अपनी मां को बचा सकें। शो में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है। 'वीर हनुमान' सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे केवल सोनी सब पर प्रसारित होता है। वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। जैसे अंजनी अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार थीं, वैसे ही हर मां में वह शक्ति होती है कि वह किस्मत को चुनौती दे, असंभव को संभव बनाए और अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सके। अंजनी ने अनजाने भविष्य की ओर कदम बढ़ाया, और उसी तरह हर मां अपने बच्चे के लिए असाधारण साहस की शक्ति पा लेती है। यही मां के प्रेम की ताकत है। वह भाग्य को मात देता है और त्याग व साहस की अपनी कहानी खुद लिखता है।




## हॉलीवुड मसाला



# एयरिन ने खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



# गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी

**लॉस एंजिल्स।** साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।'



# मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।



# अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

## टीवी मसाला



# रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

### सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया, तब उन्हें अपनी मेहनत का असली फल मिला।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

### हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

**दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

# बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

### वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

### मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

### अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

## जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक

*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी। फिल्म का बजट महज 39 करोड़ रुपये था और इसने भारत में 105.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 100 करोड़ी बनी इस फिल्म के गाने भी लोगों को खूब पसंद आए थे। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धाथ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंड़े का रहा।

## खबर संक्षेप

### किसान स्कूल में गायत्री यज्ञ का आयोजन 5 को

**बहेराडीह।** स्कूल बहेराडीह में गत वर्ष की भांति 5 मई को सुबह 8 बजे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना कृषि क्षेत्र में युवा पीढ़ी को जोड़ने, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, एकीकृत कृषि प्रणाली पर जोर देने तथा कृषि को ब्यापार के रूप में अपनाने की जरूरत को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों के सहयोग से किया गया है। वहीं देशी बीजों को संरक्षित करने, विलुप्त चीजों को सहेजने का काम किसान स्कूल में किसानों के सहयोग से निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### समारोह में आमनदुला प्रधान पाठक का किया सम्मान



**मालखरौदा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमनदुला के प्रधान पाठक बांके बिहारी त्रिवेदी के सेवा कार्य पूर्ण होने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पं. मालखरौदा के अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, विकासखंड स्त्रोत राधेलाल भारद्वाज सरपंच श्रीमती चित्ररेखा काठे पंचगण ,शाला विकास समिति के अध्यक्ष अमृतलाल साहू एवं सदस्य, तथा चंद्रशेखर पटेल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंदोरा ,श्री श्याम सुंदर तिवारी सीएसी पिहरीद एवं ग्राम वासी तथा संकुल आमनदुला के सभी विद्यालय के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं की गरिमा मयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि को उपहार भेंट कर उनके एवं उनके परिवार का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए संकुल प्राचार्य श्रीमती विमलेश सिंह चंद्रा द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों का आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

### आदर्श विद्या मंदिर धरदेई का परीक्षा परिणाम घोषित

**धरदेई।** आदर्श विद्या मंदिर धरदेई का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल दिन बुधवार को घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य जागेश्वर प्रसाद पटेल के द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पहली में प्रथम स्थान कुमारी सृष्टि पटेल 95.3 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रियांशी साहू, प्रियांशी साहू, तृतीय स्थान श्रिया कर्ष 90.6 प्रतिशत कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान यामिनी साहू 93. प्रतिशत, हिमेश्वरी पटेल द्वितीय स्थान फुलेश्वरी साहू 92 प्रतिशत तृतीय स्थान अंकित पटेल 90.6 प्रतिशत कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान 1.कुमारी याचना साहू 92 प्रतिशत भावना साहू 92 प्रतिशत द्वितीय स्थान में चित्ररेखा केवट 90.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान में गुंजन साहू 85.5 प्रतिशत कक्षा चौथी में प्रथम स्थान 1. साक्षी साहू 92 प्रतिशत 2.आस्था साहू 92% द्वितीय स्थान रिजा यादव 91.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान गरिमा केवट 91 प्रतिशत कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान तुषार पटेल 92.6 प्रतिशतत द्वितीय स्थान साक्षी साहू 91.5 प्रतिशत तृतीय स्थान अमन साहू 87.6 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान राधिका साहू 93.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान 1. संध्या पटेल 92.6 प्रतिशत 2.सानिया साहू 92.6 प्रतिशित, तृतीय स्थान मेघा पटेल 91.5 प्रतिशत कक्षा नवमी में प्रथम स्थान शारदा साहू 89.1 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में तनीषा साहू 88 प्रतिशत तृतीय स्थान में गीतांजलि साहू 86.8 प्रतिशत चतुर्थ स्थान में गरिमा साहू 86.6 प्रतिशत से उत्तीर्ण रहा।

### कक्षा 6वीं में 92 प्रतिशत पाकर यास्मिन ने नाम किया रोशन

**चांपा।** महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला चांपा की छात्रा यास्मिन खान ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्या भारती



संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक कंप्यूटर एप्लिकेशन लेवल 1 की परीक्षा में ग्रेड ए प्राप्त कर शाला व माता पिता का नाम रोशन किया है। जिस पर शाला परिवार व माता पिता ने छात्रा की उज्वल भविष्य की कामना की है।

### लीनेस क्लब द्वारा श्रमिकों को पानी,मूंग व चना का वितरण

**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिसट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती क्लब की अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर ने एक डिसट्रिक्ट एक सेवा के तहत तपती गर्मी में 1 मई को गृह निमार्ण करने वाले मजदूरो को पानी, शरबत, एवं अंकूरित मूंग,चना का वितरण किया। इस अवसर पर लीनेस अनीता सिंह, लीनेस पूनम साहू, मीरा देवांगन, कलेश्वरी साहू, अमृता मेम,रेखा साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### सुशासन तिहार 5 से 31 मई तक, समाधान शिविर का होगा आयोजन

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व विकास कार्यों में लाए गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया।



सुशासन तिहार के तहत तीन चरणों में समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक किया जाएगा। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत बछौद के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में 9 मई को, ग्राम पंचायत जर्वे (ब) के शास पूर्व मा शा प्रांगण में 15 मई, ग्राम पंचायत पंतोरा के शा हाई स्कूल प्रांगण में 23 मई को, ग्राम पंचायत करमंदा के शा हाई स्कूल प्रागंण में 29 मई को एवं ग्राम पंचायत लछनपुर के शास हाई स्कूल प्रागंण में 26 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत जोगीडीपा के हाई स्कूल मैदान में 7 मई को, ग्राम पंचायत नंदेली के हाई स्कूल मैदान में 14 मई को, ग्राम पंचायत ससहा के मेला स्थल में 21 मई को, ग्राम पंचायत पेण्ड्री के मिडिल स्कूल मैदान में 27 मई को एवं ग्राम पंचायत लोहर्सी के हाई स्कूल मैदान में 30 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अकलतरा के ग्राम पंचायत साजापाली के पूर्व मा शाला में 8 मई को, ग्राम पंचायत परसाही (बाना) के हाई स्कूल में 15 मई को, ग्राम किरारी के हाई स्कूल में 16 मई को, ग्राम पंचायत अमलीपाली के पूर्व मा शाला में 22 मई को एवं ग्राम पंचायत करूमहू के पू मा शाला में 29 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बिर्रा में 06 मई को, ग्राम पंचायत करनौद में 14 मई को, ग्राम पंचायत चोरिया में 20 मई को, ग्राम पंचायत खम्हिया में 22 मई को एवं ग्राम पंचायत पोड़ीकला में 28 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विभिन्न विकास कार्यो में गति लाने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

### समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का किया जाएगा निराकरण

**सक्ती।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अनुक्रम में जिले के समस्त जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो से समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर योजनाओं का लाभ व शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीईओ द्वाराजारी आदेशानुसार समाधान शिविर का आयोजन 5 मई को डभरा जनपद पंचायत अंतर्गत अकोलजमोरा, ओड़ेकेरा, कंवली, केकराभाठ, केनापाली, कोमो, खैरमुड़ा, टुण्ड्री, डूमरपाली, निमोही, सराईपाली, सिंघितराई, बांधापाली, बाड़ादरहा, धुरकोट ग्राम पंचायत के लिए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टुण्ड्री में, 5 मई को ही सोंठी, टेमर, अर्जुनी, सपनाईपाली, लिमतरा, नावापाराकला, हरदा, हरेठी, पोरथा, परसदाकला, जेठा,भद्रीपाली ग्राम पंचायत के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोंठी में, 06 मई को मालखरौदा जनपद पंचायत अंतर्गत सारसकेला, भांटा, परसा, सपिया, सेरो, बोड़ासागर, कुधरी, कुलबा, फगुरम, झर्रा बड़ेमुडपार, बोकरेल ग्राम पंचायत के लिए सारसकेला में, 7 मई को मालखरौदा जनपद पंचायत अंतर्गत करिंगांव, बन्दोरा, बुन्देली, ढिमानी, कर्रापाली, चरौदी, लिमगांव, चरौदा, सकर्रा, आमनदुला, पोता, मोहतरा, मुक्ता, बड़ेमुड़पार ग्राम के लिए बंदोरा में, 7 मई को ही सक्ती जनपद पंचायत अंतर्गत किरारी, रेडा, खुटादहरा, पासीद, मोहगांव, ऋषभतीर्थ, बरपालीकला, घुईचुवा, गहरीनमुडा, देवरी, पतेरापालीकला, देवरमाल ग्राम पंचायत के लिए शासकीय हाई स्कूल प्रागंण बरपालीकला में, 9 मई को जैजैपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ठठारी, ठूठी, दर्राभांठा, खम्हरिया, छितापंडरिया, अकलसरा, रायपुरा, सिरली, हरदी सहित अन्य स्थानों पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।



## सिलादेही ,गतवा में रेत का अवैध भंडारण व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सिलादेही, गतवा में चैन माउंटेन मशीन के माध्यम से रेत का अवैध भंडारण व परिवहन बेखौफ रूप से किया जा रहा है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

हसदेव नदी में पानी की धार कम होते ही रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलादेही, गतवा से होकर गुजरने वाली हसदेव नदी का सीना चीरते हुए लोग रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है, जबकि सरकार ने रेत के अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। हसदेव में इन दिनों पानी की धार कम हो चुकी है। इसके चलते जगह-जगह रेत का टापू सा बन गया है। यह टापू रेत माफियाओं के लिए किसी वरदान से कम नजर नहीं आ रहा है। यहां तक इन्हीं टापुओं से रेत माफिया हाइवा व ट्रैक्टर से सैकड़ों ट्रिप रेत निकाल रहे हैं और करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं। जिसे देखकर भी सरकार आंखें मूंद ली है। सरकार यदि इसमें रायल्टी जारी करती तो हर रोज लाखों का लाभ मिलता, लेकिन सरकार ने रेत माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रही है। खासकर महानदी में सबसे ज्यादा रेत का उत्खनन हो रहा है। हर रोज 5 लाख का टर्न ओवरस्थानीय लोगों ने बताया कि हसदेव की धार कम होते ही रेत माफिया अपना काला कारोबार शुरू कर दिए हैं। एक दिन में 5-5 लाख रुपए की रेत निकाली जा रही है। प्रत्येक हाइवा के पीछे 4 से 5 हजार रुपए ली जा रही है। एक दिन में सैकड़ों ट्रिप ट्रैक्टर व हाइवा निकाल कर माफिया 5 से 7 लाख का कारोबार कर रहे है।

## भीषण गर्मी में कांजी नाला में नहाने का मजा ले रहे लोग, सुबह से ही लग जाती है भीड़

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के पुराना कांजी नाला में इन दिनों भीषण गर्मी में नहाने की लुफ्त उठा रहे है लोग। एक तरफ जहां मई माह की गर्मी धीरे धीरे दस्तक दे रही है तो वही दूसरी तरफ लोग गर्मी से छुटकारा पाने कांजी नाला में नहाने की लुफ्त उठा रहे हैं।

विदित हो कि तुस्मा की कांजी नाला इन दिनों टापू से दो फिट नीचे बह रहा है। जिसमें तुस्मा,तेंदुआ,कुरियारी ग्राम के लोग निस्तारी करने पहुंच रहे है और ठंडे पानी में नहा कर गर्मी दूर कर रहे है। कांजी नाला की पानी से अधिकतर किसान रबी फसल के सिंचाई के लिए उपयोग करते हैं। जिससे किसानों द्वारा लगाई गई दुफसली फसल खिल जाते है। कांजी नाला का टापु इन दिनों दो फिट नीचे पानी बह रहा है सुबह से लेकर दोपहर तक निस्तारी करने



कंजीनाला में नहाते लोग।

वालों की बड़ी भीड़ लगी होती है। लोग कांजी नाला के पुल से जंप कर लुफ्त उठा रहे है। साथ ही कांजी नाला आस पास के खेत लबालब है। ज्ञात हो कि कांजी नाला पुल के किनारे के पेड़ पौधे को भीषण गर्मी में पानी मिल जाने से हरियाली छा गई है मानो वातावरण अत्यधिक सुंदर लग रही है।

## सेवानिवृत्ति पर डीईओ का शाल, श्रीफल से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला शिक्षा अधिकारी के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डीईओ को स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र, शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा का जन्म सक्ती के नजदीक ग्राम सोनादुला विकासखंड मालखरौदा में 18 अप्रैल 1963 को हुआ था। इनकी शिक्षा विभाग में प्रथम नियुक्ति व्याख्याता के पद पर 15 अक्टूबर 1986 को इसी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी (डभरा) में हुआ था। इन्होंने शिक्षा



विभाग में प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक तथा विभिन्न जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी जैसे प्रशासनिक पदों को सुशोभित किया। श्री चंद्रा को दूसरी बार सक्ती जिला के जिला शिक्षा अधिकारी पद का दायित्व शासन द्वारा सौपा गया। सन 2015 में जब सक्ती शिक्षा जिला बना उस समय प्रथम जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में भी इनकी पदस्थापना यहां हुई थी। कार्यालयीन स्टॉफ द्वारा इन्हें स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र, शाल,श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी, पुत्र मयंक चंद्रा एवं परिवार के सदस्यों सहित मालखरौदा बीईओ एम एल प्रधान,डभरा बीईओ एस एल वारे, सांख्यकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, एम डी दुबे, डी पी पटेल, राजकुमार पटेल,एस एल खूंटे, कमलादपि गवेल, रोशन पटेल, उपेंद्र कुशवाहा, एलडी महंत,इंद्राणी साहू सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज एवं खैरा प्राचार्य सुरेश कुमार जायसवाल द्वारा किया गया।

### यातायात पुलिस ने 7 वाहन चालकों से वसूले 3 सौ रुपए

**मालखरौदा।** यातायात पुलिस इन दिनों अलर्ट मोड़ पर है। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अड़भार चौकी प्रभारी एस आर सवरा द्वारा चार पहिया वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 4 पहिया वाहन चालकों से धारा 130(3)/177 के तहत समय पर कागजात पेश नहीं करने पर 7 वाहन चालकों से प्रति वाहन 300 रुपये की दर से चालान वसूल किया गया। इसके साथ ही यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसते हुए जांच की गई। इसके नशे में वाहन चलाना, तीन सवारी, कागजात ना होना, गाड़ी का पेपर नहीं होने जैसे दस्तावेज की जांच की गई।

## 28 साल की सेवा पूर्ण कर गृह निवास पहुंचे सुबेदार

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित वार्ड नं 19 के विद्या नगर वसुंधरा कालोनी निवासी सेना के जवान सुबेदार नागेश्वर सिंह ठाकुर 28 साल की सेवाकाल पूर्ण कर सेना से रिटायर होकर 1 मई को अपने घर लौटे तो उनके स्वागत में पूरा कालोनी उमड़ पड़ा। उनके सम्मान में पूरे कालोनीवासियों ने धूमधाम से रैली भी निकाली। सेना में उनकी पहली ज्वाईनिंग 30 अप्रैल 1997 को बिग्रेड आफ द गाड्र्स रेजीमेंट सेंटर नागपुर कामठी में हुआ। जहां वर्ष 1998 तक उन्होंने बेसिक ट्रेनिंग प्राप्त कर आठवीं बटालियन हिसार हरियाणा में रहे। इस दौरान वे भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पटियाला, सुजानपुर पंजाब, राजस्थान, मानसेर जम्मू, बीकानेर, सिक्किम जैसे जगहों में अपनी सेवाएं देते हुए भारत माता की सेवा की। अब सूबेदार नागेश्वर सिंह ठाकुर देश की रक्षा करके सेवानिवृत्ति पर जांजगीर स्थित अपने घर लौट आए है जहां कालोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया।



## यूपी के किसानों को मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दे रहे रामाधार



मुर्गी पालन का प्रशिक्षण देते रामाधार देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सिवनी गांव के 70 वर्षीय किसान रामाधार देवांगन इस समय उत्तर प्रदेश के मउ में किसानों को मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। भारत के अधिकतर राज्यों में वे विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित आरसेटी में मुर्गी पालन समेत बकरी पालन और कोसा रेशम उद्योग को लेकर किसानों और बिहान की महिलाओं को प्रशिक्षण दे चुके हैं।

- कृषि क्षेत्रत्र में राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा किया जा चुका है सम्मानित

कृषि क्षेत्र उनके भागीदारी और सक्रियता को देखते हुए राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से उन्हें कई पुरस्कार से नवाजा गया है। रामाधार देवांगन बहेराडीह गांव में स्थित भारत के पहले किसान स्कूल के सक्रिय सलाहकार भी हैं। जहाँ पर देश विदेश के किसान कृषि क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठा रहे हैं। मुर्गी पालन, बकरी पालन और कोसा रेशम उद्यमी के मास्टर ट्रेनर व असेसर रामाधार देवांगन ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी से कृषि क्षेत्र में 18 से 45 साल उम्र के ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार व्यक्तियों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने नियंत्रक अरुण कुमार सोनी ने अधिकृत किया है। अधिकृत होने के बाद वे छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के बिहान की महिलाओं और किसानों को कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के साथ ही भारत के सभी राज्यों में अलग अलग बैंकों के द्वारा संचालित आरसेटी में प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे इस समय यूनियन बैंक द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश के मउ आरसेटी में किसानों को संस्थान के निदेशक कुमार गौरव के मार्गदर्शन में तथा, फैकेल्टी दीनदयाल गुप्ता,ऑफिस असिस्टेंट अमित कुमार एवं बकरी पालन के मास्टर ट्रेनर अमित कुमार कन्नौसिया के सहयोग से किसानों को मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे इससे पहले पंजाब राज्य के फतेहपुर साहेब में किसानों को प्रशिक्षण दे रहे थे। उत्तर प्रदेश के बाद अब भारत के अन्य सभी राज्यों में विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित आरसेटी में किसानों को कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण देने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 70 वर्ष के उम्र होने के बाद भी कृषि क्षेत्र में उनके सक्रियता को देखते हुए भारत सरकार ने राज्य सरकार के अनुसंशा पर केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान केंद्र, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार ने अपना सलाहकार नियुक्त किया है।

## कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदारों का किया गया स्थानांतरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जिले के कलेक्टर द्वारा 1 मई को आदेश जारी कर तहसील अंतर्गत कार्य करने वाले तहसीलदारों का स्थानांतरण किया गया है।

ज्ञात हो कि सक्ती कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने शक्ति तहसीलदार रवि शंकर राठौर को मालखरौदा तहसीलदार बनाया गया है, जबकि मालखरौदा में पदस्थ तहसीलदार मनमोहन सिंह को भोथिया तहसीलदार बनाया गया है। इसी प्रकार अड़भार में पदस्थ तहसीलदार बिसाहिन बाई चौहान को अतिरिक्त तहसीलदार मालखरौदा बनाया गया है, जबकि जिला कार्यालय में पदस्थ अनुज पटेल तहसीलदार को अड़भार तहसीलदार के पद पर स्थानांतरण किया गया है। इसी प्रकार उप तहसील छपोरा में पदस्थ सुश्री झरना को नायाब तहसीलदार मालखरौदा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार जिला कार्यालय में पदस्थ सिद्धार्थ अनन्त को अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील छपोरा में स्थानांतरण किया गया हैं, ताकि कामकाज सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

### बड़ी संख्या में मौजूद रहे ब्राम्हण समाज के लोग

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सर्व बाहमण समाज के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा नगर के राम सागर तालाब स्थित श्री राम कुटी मंदिर में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना एवं आरती करने के बाद करमा नृत्य दल, डीजे एवं धुमाल में संगीत की धुन के साथ यात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा भगवान परशुराम मार्ग, स्टेशन चौक, शहीद हुसैन मार्ग बजरंग चौक, जैन मंदिर, शास्त्री चौक एवं आजाद चौक होते हुए वापस श्री राम कुट्टी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का स्टेशन के पास राजेंद्र शर्मा नरेंद्र शर्मा, नगर के शास्त्री चौक में गुप्ता इंटरप्राइजेस की ओर से, आजाद चौक के पास राव



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

इलेक्ट्रिकल्स एवं अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा राकेश कुमार सिंह व्यावसायिक काम्प्लेक्स में आइसक्रीम के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान समाज के युवक धार्मिक एवं भगवान परशुराम के गौरव गाथा संबंधी गीतों की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा के दौरान नगर भगवान परशुराम जयकारों से गूंजायमान रहा। शोभायात्रा नगर भ्रमण करने के बाद वापस रमकुटी मंदिर पहुंची जहां भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में लखन शर्मा, साकेत द्विवेदी, विनोद द्विवेदी प्रशांत शर्मा, राम कीर्तन पांडे, समीर शुक्ला, शिव शर्मा, अविनाश लाटा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेंद्र पांडे, भोजराज शर्मा, सन्तीष दुबे, चंदन शर्मा, विकास, आनंद शर्मा, चिराग शर्मा, आशीष शर्मा, रोहित पांडे, कपिल नाथ पांडे, राज शर्मा, राकेश शर्मा, महेश्वर शुक्ला, सोमेश दुबे, राजेन्द्र दुबे, शेषनारायण पांडे, आदित्य पांडे,सत्येंद्र दुबे, मयंक व्यास, सत्यनारायण पांडे, पवन शर्मा, शेषनारायण दुबे, आशुतोष शर्मा, गिरिराज दास, गौरव द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी, वैभव बौबे, अमित शुक्ला, राजेश शर्मा एवं सर्व ब्राह्मण समाज की सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

